**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2645 का उत्तर**

**सकलेशपुर-सुब्रमण्य घाट खंड**

**2645. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) सकलेशपुर-सुब्रमण्य घाट खंड के विद्युतीकरण की वर्तमान स्थिति क्या है, तथा दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) के बेंगलुरु-पडेल खंड के विद्युतीकरण की संभावित अंतिम तिथि क्या है;**

**(ख) क्या उक्त घाट खंड पर हरेबेट्टा स्टेशन पर ट्रेन क्रॉसिंग के संबंध में दक्षिण पश्चिम रेलवे द्वारा केंद्रीय रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस) को भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है और यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है; और**

**(ग) सरकार की दक्षिण-पश्चिम रेलवे के उक्त घाट खंड की क्षमता बढ़ाने के लिए क्या योजना है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): दक्षिण पश्चिम रेलवे के पड़िल से सुब्रहमण्य रोड और बेंगलुरु से सकलेशपुर खंड में रेल विद्युतीकरण कार्य पूरे कर लिए गए हैं। इसके अलावा, बेंगलुरु-पड़िल के शेष खंड अर्थात् सकलेशपुर से सुब्रहमण्य रोड में विद्युतीकरण कार्य शुरू कर दिए हैं।**

**01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, कर्नाटक राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुल 31 रेल परियोजनाएं (21 नई लाइन और 10 दोहरीकरण) जिनकी कुल लंबाई 3,840 किलोमीटर तथा लागत 47,016 करोड़ रु. है, योजना और कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से**

1,302 किलोमीटर लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च, 2024 तक 17,383 करोड़ रु. का व्यय किया गया है। सारांश इस प्रकार है:-

| योजना शीर्ष | परियोजनाओं की संख्या | कुल लंबाई (किमी में) | कमीशन की गई लंबाई (किमी में) | मार्च 2024 तक व्यय (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| नई लाइन | 21 | 2556 | 395 | 7,592 |
| दोहरीकरण/मल्टीट्रैकिंग | 10 | 1284 | 907 | 9,791 |
| कुल | 31 | 3,840 | 1,302 | 17,383 |

कर्नाटक राज्य में पिछले तीन वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24 और चालू वित्त वर्ष 2024-25) के दौरान, 6,159 किलोमीटर कुल लंबाई की कुल 56 परियोजनाओं (19 नई लाइनें और 37 दोहरीकरण) के सर्वेक्षण कार्यों को मंजूरी दी गई है।

वर्ष 2009-14 और 2014-24 के दौरान कर्नाटक राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथ को कमीशन करने/बिछाने का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

| अवधि | कमीशन किया गया कुल रेलपथ | रेलपथ की औसत कमीशनिंग |
|---|---|---|
| 2009-14 | 565 कि.मी. | 113 किमी प्रतिवर्ष |
| 2014-24 | 1,633 कि.मी. | 163 किमी प्रतिवर्ष |

सकलेशपुर-सुब्रहमण्य रोड रेलखंड में, येदाकुमेरी और शिरिबागिलु स्टेशनों के बीच लगभग 19 किलोमीटर लंबाई का ब्लॉक खंड है। इस खंड की क्षमता बढ़ाने के लिए, येदाकुमेरी और शिरिबागिलु स्टेशनों के बीच हरबेट्टा पर क्रॉसिंग स्टेशन बनाने हेतु व्यवहार्यता अध्ययन कार्य शुरू किया गया है।

*****

SK